Chapter- 1

एक दुनिया रचें

STUDY NOTES

कविता का मुख्य भावार्थ सरल भाषा में

- कविता में एक सुंदर तथा प्यार भरें संसार के बारे में कल्पना की गई है ।
- बच्चे एक ऐसे संसार या दुनिया की रचना करते हैं जहाँ आपस में स्नेह, प्यार तथा अपनापन हो ।
- कविता में कवि ने हमें यह बताया है की संसार में ना कोई छोटा ना कोई बड़ा सब एक समान हैं ।
- अगर हम चाहें तो इस संसार में सब लोग मिलजुलकर आपस में प्यार से हमेशा रह सकते हैं ।

कविता की कुछ मुख्य विशेषताएँ

- हर प्राणी में प्यार, खुशियाँ तथा स्नेह भरना है ।
- समानता का भाव सबमें बाँटना ।
- हर प्राणी के अंदर अपनेपन तथा सहायता की भावना का विकास करना ।
- अपने मातृभूमि के प्रति बफादार बनना ।
- हर प्राणी को समान आदर तथा भाव देना ।
- हर प्राणी के मन के भाव को एक - दूसरे के साथ जोड़ना ।

कठिन शब्दों के अर्थ

- रचें - बनाना
- अजनबी - जिन्हें हम नहीं जानते
- बेकार - व्यर्थ
- इंसान - मनुष्य
- खयालों - विचार
- सवाल - प्रश्न
- कड़ी - श्रृंखला
- दुनिया- संसार
- एक दूजे - एक दूसरे
- मतलब - अर्थ

अभ्यास के लिए

२. मौखिक प्रश्नों के उत्तर लिखें

प्र- कवि कैसी दुनिया रचना चाहता है?

उ- कवि एक अनोखी प्यार भरी दुनिया रचना चाहता है । जहाँ सब मिलजुलकर प्यार से रहे ।

प्र- हमें कैसी दीवारें तोड़ ड़ालनी चाहिए?

उ- हमें अपने आपस में बनाई हुए भेद-भाव को तोड़ ड़ालनी चाहिए ।

प्र- इस कविता के द्‍वारा कवि क्या संदेश देना चाहते हैं?

उ- इस कविता के द्‍वारा कवि हमें एकता, भाई चारा तथा अपनेपन का संदेश देना चाहते हैं ।

लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

३. प्र-अजनबी होते हुए भी हमें क्या पहचानना चाहिए?

उ- अजनबी होते हुए भी हमें दूसरो के मन के भाव को पहचानना चाहिए ।

प्र- आज के समय में किन सवालों का कोई मतलब नहीं है?

उ- आज के समय में काले-गोरे के भेद - भाव को लेकर उठ रहे बेकार सवालों का कोई मतलब नहीं है ।

प्र- टूटते तार की कड़ी जोड़कर हमें कैसी दुनिया रचनी चाहिए?

उ- टूटते तार की कड़ी जोड़कर हमें प्यार भरी दुनिया रचनी चाहिए?

प्र- आपको इस कवीता से क्या सीख मिली?

उ- इस कविता से हमें आपसी प्यार, अपनापन तथा भाईचारे की सीख मिली।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

मूल्यपरक प्रश्न

प्र- सारे संसार में खुशियाँ कैसे फैलाई जा सकती हैं?

उ- सारे संसार के हर प्राणी के अंदर से अगर बुराइयों को निकाल कर ढ़ेर सारी खुशियाँ भर दी जाएँ तो सारे संसार में खुशियाँ फैलाई जा सकती हैं ।

प्र- वे कौन-कौन से कारण हैं, जो इनसान को बाँटता हैं?

उ- संसार में ऐसे बहुत से कारण हैं जो इनसान को बाँटता हैं जैसे-

क) अमीरी - गरीबी

ख) छोटा - बड़ा

ग) काला - गोरा

घ) तेरा - मेरा

ङ) इसका - उसका

भाषा-ज्ञान - व्याकरण

वर्ण - विच्छेद

१. क) द् + उ + न् + इ + य् + आ - दुनिया

ख) ध् + अ + र् + अ + त् + ई - धरती

ग) ब् + ए + क् + आ + र् + अ - बेकार

घ) म् + अ + त् + अ + ल् + अ + ब् + अ - मतलब

२. समान तुक वाले शब्द लिखिए -

क) हाथ - साथ

ख) तोड़ - जोड़

ग) धुप - रूप

घ) मगर - अगर

ङ) बात - रात

च) काली - ताली

३. विलोम शब्द लिखिए -

क) गरमी - सरदी

ख) धरती - आसमान

ग) खुशी - गम

घ) आज - कल

ङ) गोरी - काली

च) धूप - छाँव

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

अतिरिक्त प्रश्नों के उत्तर लिखें

प्र- इस कविता में कवि किससे प्यार की दुनिया बनाने के लिए कह रहे हैं?

उ- इस कविता में कवि आज के प्यारे-प्यारे बच्चों से प्यार की दुनिया बनाने के लिए कह रहे हैं।

प्र- इस कविता के कवि का नाम क्या है?

उ- इस कविता के कवि हैं, श्री रमेश तेलंग।

प्र- हमें किसने जन्म दिया है?

उ- हमें हमारी प्यारी माँ ने जन्म दिया है।

प्र- कवि बच्चों से क्या जोड़ने के लिए कह रहे हैं?

उ- कवि बच्चों से सबके मन के भाव को जोड़ने के लिए कह रहे हैं।

***

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow